राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल से उपमुख्यमंत्री मिले

जयपुर, 14 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से सोमवार को यहां राजभवन में उपमुख्यमंत्री श्री सचिन पायलट ने मुलाकात की। राज्यपाल श्री मिश्र से श्री पायलट की यह शिष्टाचार भेंट थी।

राज्यपाल श्री मिश्र से राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष नेता श्री गुलाबचंद कटारिया ने राजभवन में शिष्टाचार मुलाकात की।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से राज्यसभा सांसद श्रीमती कांता कर्दभ भी मिली।

राज्यपाल श्री मिश्र की श्री अभिजीत बनर्जी को बधाई

जयपुर, 14 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने श्री अभिजीत बनर्जी को बधाई दी है। भारतीय मूल के श्री बनर्जी को अर्थशास्त्र में नोबल पुरस्कार मिला है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि वैश्विक गरीबी खत्म करने का आपका प्रयोग सफल रहा है। मेरी आपको बधाई।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क)
राज्यपाल, राजस्थान